**खबर संक्षेप**

### जिला कौशल समिति की बैठक का आयोजन आज

**कटनी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला कौशल समिति की अध्यक्षता में रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित बैठक 5 जुलाई को अपराह्न 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। नोडल प्राचार्य एवं सचिव जिला कौशल समिति शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों से विभागीय प्रस्ताव अनुमोदन हेतु बैठक पूर्व प्रेषित करने तथा समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बैठक 9 को

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी द्वारा कटनी जिला के समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जिला कटनी की ओर से जानकारी देते हुए बताया है कि 09 जुलाई 2024 सुबह 10:30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। आपनें सभी पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त बैठक में शामिल होने आ अनुरोध किया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### लाड़ली बहना योजना किस्त का अंतरण आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शुक्रवार 5 जुलाई को शाम 5 बजे से टीकमगढ़ के ग्राम छिपरी में आयोजित होनें वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मासिक 14वीं किस्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया जाएगा । जिले में कलेक्ट्रेट स्थित एन आई सी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में हितग्राहियों के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखने और सुनने की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के नगरीय निकायों, नगर निगम कटनी, नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ एवं बरही के वार्डो सहित सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजनाअंतर्गत अनुदान राशि एवं पेंशन योजना अंतर्गत राशि का अंतरण, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त की राशि के प्रतीकस्वरूप 5 हितग्राहियों को चौक का वितरण, लाड़ली बहना योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला प्रमाण पत्र का 5 हितग्राहियो को वितरण सहित प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के दो हितग्राहियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया जायेगा।

### अलग अलग स्थानों में हुई मारपीट की घटनाएं

**कटनी।** बहोरीबंद एवं रंगनाथ नगर थानांतर्गत मारपीट व गाली गलौज की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत गत रात के समय गटर्स नाऊ के घर के पास कावसजी वार्ड में सुनील निवासी जग्गीपान भंडार के पीछे भीमराव चौक के साथ अंकित डुमार व देवा डुमार एक राय होकर विवाद करते हुए गालीगलौज कर हमला कर दिया जिससे उसे चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसी तरह बहोरीबंद थानांतर्गत सुबह के समय बस स्टैंड में प्रकाश चौधरी के साथ अमर भूमिया विवाद कर गालीगलौज कर दिया। जिसका उसने विरोध किया तो अमर ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थानांतर्गत ही ग्राम दोहतरी में शाम के समय खेत पर छुटईया चक्रवर्ती के साथ तेजी लाल चक्रवर्ती ने विवाद कर गालीगलौज कर दी। विरोध करने पर तेजी लाल ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बड़वारा विकासखंड के ग्रामों में पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

# उर्वरक बिक्री और उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से चर्चा कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार को बड़वारा विकासखंड के गांवों में पहुंच कर प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित बडवारा में उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी ली।

कलेक्टर ने यहां के उर्वरक भंडार कक्ष का भी अवलोकन किया। यहां पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध मिली। निरीक्षण के दौरान यहां 52 बोरी डीएपी,335 बोरी यूरिया,1265 बोरी,सुपर और 1832 पैकेट जिंक, और 165 बोतल नैनो यूरिया,504 बोतल नैनो डीएपी सहित 183 पैकेट जैविक खाद एवं डीएपी 600 बोरी का स्टॉक मौजूद मिला।





### पानी की टंकी का निरीक्षण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने ग्राम बरगवा में जल जीवन मिशन के तहत करीब 51 लाख रुपए की लागत से 50 हजार लीटर क्षमता की निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कार्य की गुणवत्ता पर खास ध्यान देने के निर्देश दिये। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री पी एच ई के एस डामोर उपस्थित रहे।

### मूंग उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र गुडाकला पहुंच कर केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों की सुविधा के लिए वाटरप्रूफ टेंट लगवाने और किसानों के लिए पीने के पानी सहित प्रसाधन आदि के इंतजाम को देखा। कलेक्टर ने यहां उपार्जन केन्द्र परिसर में कीचड़ से बचाव के लिए मुरूम और बजरी डालने का निर्देश दिया । श्री प्रसाद ने मूंग बिक्री के लिए यहां आईं मोहवती ठाकुर से मूंग की खेती के बारे में जानकारी ली । उन्होंने बताया इस साल करीब 17एकड में मूंग की खेती किया था।

कलेक्टर ने गुडाकला के चांदपुर मोहल्ला में मनरेगा योजना के अंतर्गत करीब 22.57 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन तालाब का निरीक्षण किया और पौधा रोपा। इसके बाद कलेक्टर एकीकृत माध्यमिक शाला गुडाकला पहुंचे और आम का पौधा रोपा। कलेक्टर ने यहां स्कूल में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन के संबंध में छात्रों से चर्चा की।

### संगम घाट का निरीक्षण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने ग्राम भुड़सा स्थित छोटी महानदी और मछराड नदी के संगम घाट पहुंच कर यहां के प्राकृतिक और नैसर्गिक सौंदर्य को देखा। उन्होंने यहां पर्यटक सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु कार्ययोजना बनाने निर्देशित किया।



# कलेक्टर के निर्देश पर शंकर घाट की हटाई गई मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तहसील बड़वारा के ग्राम भगनवारा के शंकरघाट में मेसर्स जे.के.सीमेंट द्वारा मिट्टी डालकर नदी का अस्तित्व खत्म करने की तैयारी के संबंध में प्राप्त शिकायत को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिह चौहान को प्रकरण के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के अनुपालन मे महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग द्वारा जे.के.व्हाइट सीमेंट ग्राम रूपौंद से इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर अवगत प्रतिवेदित किया कि जे.के.व्हाइट सीमेंट इकाई द्वारा 3.50 लाख रुपये की लागत से सी.ई.आर योजना के तहत शंकर घाट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया गया था। घाट की सीढ़ी निर्माण के दौरान स्थल पर जलभराव होने की वजह से कार्यसुविधा की दृष्टि से मिटटी का भराव किया गया था। जिसे निर्माण कार्य पूर्ण होने पर हटा दिया गया है।

ग्राम भगनवारा के शंकरघाट में सीढ़ियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने यहां के सौदर्यीकरण एवं ग्रावसियों को निस्तार में होने वाली सुविधा के लिए ग्राम पंचायत भगनवारा की सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा जे.के.सीमेंट लिमिटेड को आभार व्यक्त करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया है।

**कार्यवाही की प्रगति से अवगत कराने दिये गए निर्देश**

# चरनोई भूमि का चिन्हांकन, अतिक्रमण मुक्त कर आरक्षण करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित निराश्रित गौवंश एवं गौशालाओं के बेहतर प्रबंधन पर हितधारकों की एक दिवसीय कार्यशाला गौ रक्षा संवाद में प्रदेश में चरनोई भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के संबंध में घोषणा की गयी है।



उक्त घोषणा के अनुपालन मे कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग कटनी, बोहोरीबंद, ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ को अनुभाग अंतर्गत आने वाले ग्रामों में मध्यप्रदेश गौसंवर्धन बोर्ड अंतर्गत पंजीकृत गौशालायें में उपलब्ध कुल चरनोई भूमि में से शासकीय, अशासकीय गौशाला, गौवंश चराई हेतु उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने ऐसी चिन्हित चरनोई भूमि को आवश्यकतानुसार अतिक्रमण मुक्त कर शासकीय, अशासकीय गौशाला, गौवंश चराई हेतु आरक्षित करनें हेतु कार्यवाही कर कृत कार्यवाही की प्रगति से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कटनी जिले के जिन ग्रामों में मध्यप्रदेश गौसंवर्धन बोर्ड अंतर्गत पंजीकृत गौशालायें स्थापित हैं, इन ग्रामों में प्राथमिकता से ग्राम में उपलब्ध कुल चरनोई भूमि में से शासकीय, अशासकीय गौशाला, गौवंश चराई हेतु उपयुक्त भूमि का चिन्होंकन करने तथा ऐसी उपयुक्त भूमि का चिन्होंकन की कार्यवाही के दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव, पटवारी,राजस्व अधिकारी, पशु पालन एवं डेयरी विभाग के प्रतिनिधि एवं गौशाला समिति के संयुक्त दल को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने ऐसी चिन्हित चरनोई भूमि को आवश्यकतानुसार अतिक्रमण मुक्त कर शासकीय, अशासकीय गौशाला,गौवंश चराई हेतु आरक्षित करने की कार्यवाही कर आरक्षित भूमि पर चरागाह विकास हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अथवा भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत वन, गैर-वन शासकीय भूमि पर चरागाह के संबंध में जारी पत्र अनुसार परियोजना तैयार कर करते हुए मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुसार मार्च 2025 तक गौवंश रक्षा वर्ष मनाने हेतु निर्देशित किया है।

## कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ



डन कॉलोनी में नवनिर्मित श्रीगणेश सिद्धेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के चार दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ की गई। 4 जुलाई से प्रारंभ हुई प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन 7 जुलाई को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पहले दिन बरगवां स्थित भूमि प्रकट मां शारदा माता के मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। माता शारदा के दरबार से निकली कलश यात्रा भ्रमण करते हुए नवनिर्मित श्री गणेश सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पर कलश यात्रा का समापन किया गया। 5 जुलाई को मंदिर प्रांगण में देव पीठ स्थापना एवं पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी क्रम में 6 जुलाई को देवाधिवास जलाधिवास सहित अन्य पूजन के कार्यक्रम होंगे। 7 जुलाई को महोत्सव का समापन मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा।



# 2 वाहनों से वसूला 70 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु राजस्व विभाग, परिवहन विभाग एवं खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चाका बाईपास पर ओव्हर लोड परिवहन पाए जाने पर पुलिस अभिरक्षा मे खडे कराए गए दो वाहनों से कुल 70 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है।

परिवहन कार्यालय द्वारा उपरोक्त वाहनों पर परिवहन नियम के अंतर्गत कार्यवही करते हुए क्रमांक क्रमांक एचआर 46 जी 2379 से 34 हजार रूपये तथा वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडसी 2880 से 36 हजार रूपये का शमन शुल्क जमा कराया गया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु मंगलवार 2 जुलाई को राजस्व विभाग, परिवहन विभाग एवं खनिज एवं पुलिस विभाग की सयुंक्त टीम द्वारा चाका बायपास में अवैध परिवहन पाये जाने पर 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए ओव्हर लोड पाये जाने पर दो वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में पुलिस थाना कुठला में खड़ा गया था।

कार्यवाही के दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा की मौजूदगी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

**प्रकरणों का निराकरण कर 7 दिन में देना होगा जवाब नहीं तो होगी एकपक्षीय कार्यवाही**

# शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर 12 लोकसेवकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतों के निराकरण के मामले में रूचि नहीं लेने के फलस्वरूप 50 दिवस की शिकायतों लंबित प्रदर्शित होने के कारण जिले एवं विभाग की ग्रेडिंग पर पड रहे प्रतिकूल प्रभाव के साथ -साथ निर्देशों की अवहेलना तथा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता तथा शासन के कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने वाले 12 लोक सेवकों के कृत्य को लोक सेवक पद के आचरण के विपरीत मानते हुए कारण बताओं नोटिस जारी किया है। जवाब नहीं देने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

### इन्हे जारी हुआ नोटिस

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिन लोकसेवकों को नोटिस जारी किया गया है उनमें स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ आर.के.आठ्या, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा 50 दिवस की कुल 1063 शिकायत, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बड़वारा डॉ अनिल झामनानी 50 दिवस की कुल 249 शिकायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा के.के.पाण्डये 50 दिवस की कुल 265 शिकायत, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री व्ही.ए.सिद्धीकी, सामाजिक न्याय विभाग उपसंचालक नयन सिंह, खनिज साधन विभाग के खनिज निरीक्षक पवन कुशवाहा, अशोक मिश्रा, कमलकांत परस्ते, आदिम जाति कल्याण विभाग जिला संयोजक पूजा द्विवेदी, राजस्व विभाग के तहसीलदार कटनी नगर बालकृष्ण मिश्रा 50 दिवस की कुल 230 शिकायत, तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीश शुक्ला 50 दिवस की कुल 527 शिकायत शामिल है।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण में नहीं ली रूचि

उपरोक्त लोकसेवकों को सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु प्रत्येक समय-सीमा की बैठक सहित विभागीय बैठकों एवं कार्यालय में बुलाया जाकर निराकरण कराये जाने हेतु अवगत कराने के बाद भी लंबित प्रकारणों के निराकरण में रूचि नहीं ली गई।

### 7 दिन में जवाब किया तलब, नहीं तो कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी नोटिस मे संबंधित लोक सेवकों के उपरोक्त कृत्य को मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन मानते हुए उक्त संबंध में माह जून 2024 एवं 50 दिवस की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करते हुए 7 दिवस में अपना जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। जवाब प्राप्त न होने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए हुआ तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम

# महाविद्यालय बड़वारा एवं बरही में दीक्षारंभ समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम दिन उद्घाटन समारोह पर छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल साहू के द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्बबोधन दिया गया, साथ ही परिसर का अवलोकन एवं नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय दिवस में छात्र-छात्राओं को विभिन्न विभागों, छात्रवृत्ति एवं पाठ्यक्रमों का परिचय दिया गया साथ ही प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। तृतीय दिवस में संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम कराया गया एवं खेल विभाग का भ्रमण कराया गया जिसमें मनोरंजन एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वारा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के स्टाफ से परिचय होने का अवसर प्राप्त हुआ और छात्र-छात्राएं आगामी कक्षाओं के लिए अत्यंत उत्साहित दिखाई दिए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शर्मिला गांगले के द्वारा किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की सहभागिता रही।



### योजनाओं की दी जानकारी

शासकीय महाविद्यालय बरही में सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक जुलाई से तीन जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो.आर. के. त्रिपाठी द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम, संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान छात्रवृति योजनाओं की जानकारी के साथ ही महाविद्यालय के पुस्तकालय तथा विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया।

डॉ एस एस धुर्वे द्वारा शासन से संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं भूगोल विभाग से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ अरविन्द सिंह द्वारा महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति एवं सी.सी. ई., प्रोजेक्ट, अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ. आर. जी. सिंह ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शिक्षकों से परिचित कराया तथा महाविद्यालय में प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वरिष्ठ छात्रों एवं पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ एस एस धुर्वे आदि की उपस्थिति रही।

# 10 लाख रूपए से होगा विद्युत सुदृढीकरण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने सुचारू कार्य व्यवस्था की दृष्टि से कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर एवं जिला पंचायत कार्यालय परिसर मे विद्युत व्यवस्था के सुदृढीकरण कार्य हेतु 10 लाख रुपए की सशर्त प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। उक्त निर्माण कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग विद्युत/यांत्रिकी संभाग जबलपुर होगी। कार्य पर होने वाला व्यय जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के अंतर्गत विकलनीय होगा। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी स्वीकृति में निहित शर्तों के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति के अनुसार निर्धारित तकनीकी मानदंडों के आधार पर ही कराने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्य निर्धारित मापदंड के विपरीत पाये जाने पर उसका सम्पूर्ण दायित्व निर्माण एर्जेसी का होगा।

ऐसी स्थिति में प्रकरण गुण दोष के आधार पर संबंधित क्रियान्वयन एर्जेसी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। स्वीकृत निर्माण कार्य के लिये किसी भी प्रकार के ठेकेदार, सप्लायरों को अग्रिम राशि का भुगतान करना निषिद्ध होगा। जहां ठेकेदारों से कार्य कराना अनुमत है वहां कार्यकारी ऐजेंसी को विभागीय प्रणाली का अनुसरण करना होगा। उपरोक्त कार्य शासकीय भूमि पर ही कराया जाना होगा तथा कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व स्थल का नक्शा, खसरा की प्रमाणित प्रति तथा कार्य स्थल का गूगल मैप प्रतिष्ठान को उपलब्ध कराने सहित अन्य आवश्यक शर्तो का निहित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 17.62 लाख से होगा सर्किट हाऊस में कक्षों का उन्नयन

**कटनी।** जिला खनिज एवं प्रतिष्ठान की बैठक के दौरान मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री प्रसाद नें विकासखण्ड कटनी अंतर्गत आने वाले सर्किट हाऊस में कक्षों के उन्नयन कार्य हेतु 17.62 लाख रूपये का प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किया है। उक्त कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भ/स कटनी संभाग को नियुक्त किया गया है। कार्य पर होने वाला व्यय जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के अंतर्गत विकलनीय होगा। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार उक्त स्वीकृत निर्माण कार्य प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति के अनुसार निर्धारित तकनीकी मापदण्डो के आधार पर ही कराया जायेगा। कार्य निर्धारित मापदण्ड के विपरीत पाये जाने पर उसका सम्पूर्ण दायित्व निर्माण ऐजेन्सी का होगा। ऐसी स्थिति में प्रकरण गुणदोष के आधार पर संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। स्वीकृत निर्माण कार्य के लिये किसी भी प्रकार के ठेकेदार, सप्लायरों को अधिक राशि का भुगतान नही किया जायेगा। जहां ठेकेदारों से कार्य कराना अनुमत है वहा कार्यकारी ऐजेंसी विभागीय प्रणाली का अनुसरण करना होगा। निर्माण कार्य शासकीय भूमि पर ही जाने तथा कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व स्थल का नक्शा खसरा की प्रमाणित प्रति तथा कार्य स्थल का गूगल मैप प्रतिष्ठान को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

### जलभराव क्षमता बढ़ाने बंजारी नाले का हुआ सफाई एवं गहरीकरण

**कटनी।** सुरखी पोंडी जलाशय के जल भराव क्षेत्र मे वृद्धि हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिये गए निर्देश पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग व्ही ए सिद्धीकी एवं जनपद पंचायत बडवारा के उपयंत्री विनय सिंह द्वारा बंजारी नाला की सफाई एव गहरीकरण के साथ ही सुरखी जलाशय से मिलने वाले आसपास के छोटे बड़े नालों के माध्यम से कैचमेंट बढानें के प्रयास किये गए है। इस हेतु एन.पी 3 ह्यूम पाइप की सहायता से जलाशय के जल भराव क्षमता में वृद्धि की जा रही है। कार्यपालन यंत्री श्री सिद्धीकी ने बताया कि सुरखी पोंडी जलाशय से जुड़ने वाले सभी छोटे बड़े नालों का पानी जलाशय तक लानें के प्रयासों के संबध मे जनपद पंचायत बडवारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपयंत्री से संपर्क किया गया। सुरखी पोंडी जलाशय में जल भराव संबंध मे ग्राम पंचायत मझगवां के माध्यम से बंजारी नाले की सफाई एवं गहरीकरण का प्रस्ताव पारित किया जाकर प्राक्कलन तैयार कराते हुए बंजारी नाले की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है।

### खाद्य प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना करने मिलेगा अनुदान

**कटनी।** परियोजना अधिकारी उद्यान ने बताया कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की अतिमहत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। उक्त योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी शिक्षित, बेरोजगार, यूवा, उद्यमी, कृषक योजना का लाभ लेकर स्वंय का उद्यम स्थापित कर सकते है। इस योजना में बैंक से प्रदान ऋण में उद्यानिकी विभाग द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत राशि का 35 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 10 लाख रूपये जो भी कम हो स्वीकृत किया जाता है। स्वरोजगार के इच्छुक उद्यमी योजना का लाभ प्राप्त कर दाल मिल, आटा मिल, चावल, मिल, बरी, पापड़, अचार, मुरब्बा जैम, जैली, कैचप, सिरका, ऑइल मिल, बेकरी प्रोडक्ट, कुरकुरे, चिप्स आदि किसी भी प्रकार की इकाई स्थापित कर सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिए उद्यानिकी विभाग के जिला कार्यालय अथवा विकासखण्ड में स्थापित उद्यानिकी रोपणी में संपर्क किया जा सकता है।

बारिश के बाद नाले उफनाये, खस्ताहाल सड़क बनी दलदल, आवागमन में परेशानी

# झमाझम बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम खेतों में बोवनी के कार्य ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुरूवार को हुई तेज बारिश से जहां उमस भरी गर्मी की हवा निकल गई वहीं किसानों के चेहरों में छाई चिंता की लकीरें कम हो गई। अच्छी बारिश न होने के कारण किसान बोवनी का कार्य नहीं कर पा रहे थे। कई दिनो से आसमान में बादलों ने अपना डेरा जमाये हुए है। हालांकि शहरी क्षेत्र में तेज बारिश नहीं हो रही थी लेकिन गुरूवार को दोपहर में हुई तेज बारिश से मौसम खुशनुमा बन गया। करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद रूक रूक कर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञों द्वारा तेज बारिश होने की बात कही गई है। खासकर वनांचलों से सटे इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। पिछले साल भी जिले में औसत वर्षा हुई थी। बारिश के साथ ही छाते व रैनकोट निकल आये। बारिश के बीच स्कूली छात्रों को अभिभावकों ने रैनकोट पहनकर ड्राप किया। हालांकि बीच बीच में बारिश ने थोड़ी राहत भी दी।



बारिश की तेज बौछारों से शहर के नाले नालियों में उफान आ गया। जिन वार्डो में सड़कों का निर्माण नहीं हो पाया वहां की हालत सबसे ज्यादा खराब दिखी। मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गए। राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग हादसे का भी शिकार हो गए।

### किसानों की चिंता दूर

खेतों में बीज बोने के लिए किसान चिंतित थे कि समय पर बारिश नहीं हुई तो उनकी फसल पिछड़ जाएगी लेकिन तेज बारिश से खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो गया। मानसून को लेकर जो इंतजार किसानों को था, वह अब पूरा होने को है। झमाझम बारिश से मौसम तो खुशगवार हुआ ही, किसानों के चेहरे भी खिल गए। मानसून का इंतजार शहर से लेकर गांव तक लोगों को था। शहरी लोग जहां उमस भरी गर्र्मी से निजात पाना चाहते हैं तो किसान खेत की सिंचाई को लेकर फिक्रमंद। काले बदरा से घिरा वातावरण लोगों के लिए सकून भरा रहा। एक सप्ताह पूर्व हल्की बारिश से किसानों के मन में कुछ आस जगी थी, लेकिन यह बारिश महज कुछ जगहों पर ही हुई। इसके बाद फिर कई दिनों तक गर्र्मी और आखिरकार बारिश ने मौसम में एकाएक परिवर्तन ला दिया। मौसम के साथ ही खेती को लेकर भी काफी सहूलियत हो गई। खेतों में पानी से बोवनी व रोपाई कार्य में गति आएगी।

### जिले में 92.1 मिमी औसत वर्षा

जिले में 1 जून 2024 से गुरुवार 4 जुलाई 2024 तक कुल 92.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 229.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 137.7 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 4 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 81.4 मिलीमीटर, रीठी में 94.7, बड़वारा में 25.0 मिलीमीटर, बरही में 85.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 79.5 मिमी, बहोरीबंद मे 106.2 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 124.2 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 138.5 मिमी वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

# शिविर में विद्युत समस्याओं का किया जाएगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सभी वितरण केंद्रों के मुख्यालय पर तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपने विधुत से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायतों का निराकरण करवा सकते है, उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक ग्राम पंचायतो/ वितरण केन्द्र कार्यालय में आयोजित होंगे। आयोजित होने वाले तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविर के तहत वितरण केंद्र अमाड़ी के अंतर्गत अमाड़ी मुख्यालय में 5 जुलाई 2024, बसाडी मुख्यालय में 13 जुलाई, कांटी मुख्यालय में 11 जुलाई मझगंवा मुख्यालय में 9 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

इसी तरह वितरण केंद्र खलवारा बाजार कैमोर के अंतर्गत झुकेही में 10 जुलाई मेहगंवा में 8 जुलाई लाल नगर मुख्यालय में 12 जुलाई, खलवारा मुख्यालय में 5 जुलाई अमरैया पार मुख्यालय में 6 जुलाई को तथा वितरण केंद्र खतौली के अंतर्गत खितौली मुख्यालय में 4 जुलाई, कुआं मुख्यालय में 6 जुलाई, नदावन मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

वितरण केंद्र देवगांव के अंतर्गत देवगांव में 4 जुलाई, निटर्रा में 6 जुलाई बडखेडा में 8 जुलाई वितरण केंद्र निवार के अंतर्गत जरवाही में 4 जुलाई लखा पटोरी में 8 जुलाई, निवार में 6 जुलाई भनपुरा में 12 जुलाई, शाहपुरा में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

### कहां कब लगेगा शिविर

वितरण केंद्र बरही के अंतर्गत बरही में 10 जुलाई, डोकरिया में 5 जुलाई करौंदी खुर्द में 12 जुलाई, गैरतलाई में 8 जुलाई वितरण केंद्र रीठी के अंतर्गत रीठी में 4 जुलाई, सलैया में 14 जुलाई बकलेहटा में 12 जुलाई बडगांव में 6 जुलाई गुजरी में 8 जुलाई खमरिया में 10 जुलाई तथा वितरण केंद्र विजयराघवगढ के अंतर्गत विजयराघवगढ में 4 जुलाई कारीतलाई में 6 जुलाई बंजारी में 8 जुलाई वितरण केंद्र कन्हवारा के अंतर्गत कन्हवारा में 10 जुलाई देवराकला में 12 जुलाई वितरण केंद्र सिंगोडी के अंतर्गत सिंगोडी में 13 जुलाई पिपरियाकलाँ में 14 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने दिये निर्देश

# शिवाजी व बालाजी नगर पहुँचकर चल रहे कार्यों का किया महापौर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर विकास में अग्रसर महापौर प्रीति संजीव सूरी न सिर्फ़ समस्याओं को देख उनके निराकरण में तत्पर है इसके साथ ही उनके द्वारा प्रत्येक निर्माण विकास कार्य में स्वयं भौतिक निरीक्षण कर कार्यों में सुधार एवं और बेहतर बनाने के निर्देश दिये जा रहे है।विदित हो कि हाल में ही महापौर सूरी द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड के शिवाजी नगर में वर्षों से चल रही रोड की समस्या को ख़त्म करते हुए डब्लू बीएम रोड का भूमिपूजन कर वार्ड वासियों को विकास कार्य की सौग़ात दी थी।इसी क्रम में उक्त कार्य के प्रारंभ होते ही महापौर द्वारा 3 जुलाई को निर्माण स्थल पहुँचकर मटेरियल की जाँच करते हुए संबंधित उपयंत्री एवं ठेकेदार को रोड को गुणवत्तापूर्वक बनाये जाने एवं रोड में से पानी निकासी का ध्यान रखने के निर्देश दिये गये।

बालाजी नगर क्षेत्र में सीवेज कार्य से क्षतिग्रस्त रोड के कारण वर्षा होने पर आवागमन अत्यधिक मुश्किल हो गया था जिससे नागरिकों को अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा हाल ही में निरीक्षण कर संबंधित सीवेज कंपनी एवं उपयंत्री को रोड को पहले की तरह बनाते हुए आवागमन सुलभ करने के सख़्त निर्देश दिये थे जिसके परिपालन में उक्त रोड से मिट्टी कीचड़ अलग करते रोड की मरम्मत कर आवागमन हेतु सुलभ बनाया गया एवं महापौर सूरी द्वारा स्थल पर पहुँच कर किए गये सुधार कार्य का स्वयं जाँच करते हुए निरीक्षण किया गया।

इस दौरान स्थानीय संघर्षशील पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी, एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद शकुंतला सोनी, संतोष पटेल,अमित बरसैया, नीरज दुबे, उपयंत्री अश्वनी पांडेय एवं अन्य जनों की उपस्थिति रही।

## सांसद व्हीडी शर्मा ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार



खजुराहो लोकसभा के अंतर्गत आने वाली कटनी जिले की 3 विधानसभा बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ तथा कटनी मुड़वारा में बूथ के कार्यकर्ताओं पन्ना प्रमुखों की अथक मेहनत के बल पर देश की टॉप 10 सर्वाधिक मतों की विजयी सीटों में अपना स्थान बनाया। कटनी जिले की तीन विधानसभाओं के मात्र आठ बूथ। ऐसे थे। जहां कुछ वोटों से हम पीछे रहें निश्चित तौर पर कटनी जिले के बूथ से लेकर मण्डल तक कि टीम ने पूरी लगन और निष्ठा से कार्य कर यह उपलब्धि हासिल की सभी के आगे मैं नतमस्तक हूँ। यह विचार भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बिलहरी में आयोजित कार्यकर्ता एवं मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में व्यक्त किये। श्री शर्मा के बिलहरी पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडे ने जोरदार स्वागत किया।

# स्कूली वाहनों में सुरक्षा की दृष्टि से मोबाइल नंबर के चिपकाये पंपलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर यातायात प्रभारी राहुल पांडे के द्वारा अपने मातहत अमले के साथ ज़िले भर में लगभग 3 सैकड़ा वाहनों में सुरक्षा संबंधी मोबाइल नंबर के पंपलेट चस्पा किये गए। स्कूली वाहनों में सुरक्षा से संबंधित मोबाइल नंबरों के पंपलेट लगाने का काम दूसरे दिन भी जारी रहा। गौरतलब है कि बुधवार से इस अभियान की शुरूआत खुद पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने की थी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में थाना यातायात द्वारा यह नवाचार किया जा रहा है। जिसमें स्कूली वाहनों पर सड़क दुर्घटना एवं अन्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित



पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु स्कूली बसों में आवश्यक नंबर के पोस्टर व पंपलेट चस्पा किए जा रहे हैं। जिससे कोई भी व्यक्ति अपने बच्चे के स्कूल बस में किसी भी तरह कि खामी की शिकायत सीधा पुलिस कंट्रोल रूम कटनी व्हाट्सएप नंबर 7587615946, लैंडलाइन नंबर 07622-220412, थाना यातायात दूरभाष क्रमांक 07622-262220 पर कर सकते हैं।

यातायात अमले के द्वारा इस अभियान को जारी रखते हुए ज़िले भर में लगभग तीन सैकड़ा स्कूली वाहनों में इस आशय से संबंधित पंपलेट व पोस्टर चस्पा किए गए। यातायात प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

परिजनों सहित बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने उठाई मांग

# युवक की संदिग्ध मौत पर हत्या का लगाया आरोप, कार्रवाई करने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम गुदरी में बीते माह हुई एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर परिजन व सैकड़ों ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। परिजनों व ग्रामीणों ने गांव के ही कुछ लोगों पर युवक की नृशंस हत्या करने का आरोप लगाया और स्लीमनाबाद पुलिस पर मामले में लीपापोती करते हुए आरोपियों का साथ देने का भी आरोप लगाया।



परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन को शिकायत देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम गुदरी निवासी शांति बाई पति स्वर्गीय खरेलाल आदिवासी ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व मेरे पुत्र फूलचंद आदिवासी को गांव के ही सोनू सोनी नामक युवक ने मारपीट की थी। जिसका प्रकरण न्यायालय में चल रहा है।

इसी प्रकरण को वापस लेने सोनू सोनी बहुत दिनों से मेरे पुत्र फूलचंद आदिवासी पर दबाव बना रहा था। जब वह प्रकरण वापस लेने के लिए राजी नहीं हुआ तो बीती 20 जून 2024 को रात लगभग 11 बजे मोनू सोनी पिता ब्रजेश सोनी, आयुष सोनी पिता सुखचैन सोनी मेरे पुत्र फूलचंद को घर से बुला ले गए। बाद में मोनू ने अपने भाई सोनू को भी बुला लिया। इसके बाद तीनों ने एक राय होकर मेरे पुत्र फूलचंद की बेरहमी से हत्या कर के एक गड्ढे में डाल दिया। जब सुबय हुई तब हमे पता चला की इन लोगों ने मेरे पुत्र फूलचंद्र की हत्या कर दी। जब हम लोग शिकायत लेकर स्लीमनाबाद थाने गए तो पुलिस ने अपने हिसाब से रिर्पोट लिख ली। जब मेरे पुत्र फूलचंद का शव थाने लेकर आए तो हम लोगों ने देखा कि मेरे पुत्र फूलचंद की एक आंख फूटी है, छाती की हड्डियां टुटी थी और गला सुजा हुआ था। इसके बावजूद पुलिस ने मामले में आरोपियों का साथ देते हुए कोई कार्रवाई नहीं की तथा हम लोगों से बोल दिया कि फूलचंद शराब के नशे में गड्ढे में गिरकर मर गया है। परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

रथयात्रा महोत्सव को लेकर आयोजन समिति ने शुरू की तैयारियां

# 6 जुलाई को वाहन रैली एवं 7 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा भव्य रूप में किया जाएगा। रथ यात्रा का आयोजन भव्यता पूर्वक करने के लिए मंदिर कमेटी के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी एवं रथ यात्रा संयोजक विजय ठाकुर ने रथ यात्रा के आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि रथ यात्रा महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।



आयोजन समिति ने बताया कि 6 जुलाई क़ो वाहन रैली का आयोजन जगन्नाथ महिला मंडल व नगर के विभिन्न संगठन की मातृ शक्ति के नेतृत्व में जगन्नाथ स्वामी मंदिर से प्रारंभ की जायेगी। वाहन रैली जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर घंटाघर, शहीद द्वार, स्टेशन रोड, होते हुए शेर चौक, आजाद चौक, से वापस जगन्नाथ मंदिर पर आकर सम्पन्न होगी। 7 जुलाई प्रातः 10 बजे सरावगी परिवार की ओर से भगवान श्री को पोशाक भेंट व महाआरती कर प्रसाद लगाया जायेग। 7 जुलाई को शाम 5 बजे जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा की 1100 दीपों से आरती की जाएगी यात्रा जगन्नाथ मंदिर चौक से प्रारंभ होगी जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां, महिला अखाड़े एवं श्यामा श्याम भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए यात्रा आजाद चौक, शेर चौक, जवाहर चौक, सुभाष चौक से होकर राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मण्डी पहुंचेगी।

8 जुलाई से 13 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 6 से श्री राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मंडी में अनेक भजन मंडलियों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने सभी धर्म प्रेमी जनों से आग्रह किया है की प्रतिदिन भजन संध्या में पहुंच कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। जगन्नाथ मंदिर से माता जानकी का रथ 4 बजे श्री राधा कृष्णा मंदिर सब्जी मंडी महा प्रभु को मनाने पहुंचेगी। 15 जुलाई दिन सोमवार शाम 6 बजे शोभा यात्रा वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मंडी से प्रारंभ होगी जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां, महिला अखाड़े, एवं बजरंग बाल रामायण मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए शोभायात्रा स्टेशन रोड से सुभाष चौक होते हुए जवाहर चौक, शेर चौक, आजाद चौक से वापस श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पहुंचेगी।

17 जुलाई दिन बुधवार शाम 7 बजे से श्री जगदीश स्वामी मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 18 जुलाई दिन गुरुवार समय सुबह 12 बजे से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का महाप्रभु जगन्नाथ को भोग लगा कर महाभंडारे के प्रसाद को वितरण किया जायेगा। नगर एवं आसपास की आई हुई जनता से श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, यात्रा संयोजक विजय ठाकुर, सह संयोजक संजय गिरी, शिवकुमार सोनी सचिव, सह सचिव भोलू ठाकुर, शिशिर टुडहा कोषाध्यक्ष, चंद्रिका प्रसाद दुबे पुजारी, उमेश दुबे पुजारी, शंभू शरण गुप्ता, नटवरलाल कोटक, मुरली मनोहर अग्रवाल, नरेश ताम्रकार, विनोद मिश्रा, विपिन दुबे, विजय पटेल, राजेश तिवारी, विपिन दुबे ,राजकुमार यादव ओम प्रकाश पुरवार, भरत गुप्ता, उमाशंकर छिरौल्या, महेश नामदेव, सिद्धार्थ गौतम, ने शोभायात्रा में हिस्सा लेकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं आयोजित सभी कार्यक्रमों में शिरकत करने की अपील की है।



# विद्यार्थियों से संवाद कर मन लगाकर पढ़ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर ने बड़वारा कालेज में संचालित भारत निर्माण निःशुल्क कोचिंग में छात्र -छात्राओ से संवाद किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा निरीक्षण के दौरान यहां उपस्थित विद्यार्थियों से उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के सबंध में चर्चा किये जाने पर विद्यार्थियों द्वारा अवगत कराया गया कि यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रहीं है। छात्रों ने कोचिंग शुरू कराने के लिए कलेक्टर के प्रति आभार जताया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने यहां बड़वारा महाविद्यालय परिसर में आम का पौधा रोपण किया। इस दौरान तहसीलदार संदीप ठाकुर, नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह, जनपद पंचायत बड़वारा के सीईओ के के पांडेय और अल्ट्राटेक बिरला पुट्टी के एक्जीक्यूटिव अधिकारी सहित मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह , उपसंचालक कृषि रजनी सिंह मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### माझी समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 8 जुलाई को

**दमोह।** माझी समाज जिला दमोह की जिला स्तरीय बैठक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन दिनांक 08 जुलाई 2024 दिन सोमवार को सुबह 11 बजे स्थानीय पवित्र रिश्ता गार्डन में आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक में जबेरा, पटेरा, बटियागढ़, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा, नरसिंहगढ़, हिंडोरिया, नोहटा, अभाना, पथरिया के समाज के सक्रिय पदाधिकारी और कार्यकर्ताऔ की बैठक आयोजित की गई है। माझी समाज के समस्त स्वजातीय बंधुओं से अपील है कि जिला स्तरीय माझी समाज की बैठक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हैं होने की अपील की गई है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 9 जुलाई को

**पन्ना।** जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आगामी 9 जुलाई को होगी। जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से सामान्य सभा की बैठक में पीडब्ल्यूडी, अटल भू जल, जल जीवन मिशन एवं खनिज विभाग की समीक्षा होगी। इसी तरह 4 बजे से आयोजित सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा सहित अन्य निर्धारित एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा बैठक में संबंधित जनप्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जन सुनवाई में ध्यानपूर्वक सुनें एवं निराकरण के लिए सकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिला स्तर सहित अनुविभाग, तहसील, थाना, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर के समस्त शासकीय कार्यालयों में जनसुनवाई कार्यक्रम के लिए व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण किया जाए। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि कार्यालय में जनसुनवाई का स्थान निर्धारित कर सहज दृश्य स्थल पर जनसुनवाई के लिए समय सूचित करने संबंधी बोर्ड लगाएं और जनसुनवाई व्यवस्था का प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में पहुंचे आम नागरिकों से शिष्ट एवं विनम्र व्यवहार कर उनकी शिकायतों और बातों को ध्यानपूर्वक सुनें एवं निराकरण के लिए सकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। किन्हीं कारणोंवश नियमों के अधीन शिकायत या मांग की पूर्ति नहीं होने पर कारण सहित सूचित भी किया जाए।

आंगनबाड़ी, महाविद्यालय व सीएम राइज जाने वाली छात्र छात्राएं सड़क की दुर्दशा से परेशान

# गड्ढे के साथ दलदल में तब्दील खकरिया मार्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

नगर में विकास की कितनी भी बात की जाए लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और व्या कर रही हैं चाहे स्वच्छता अभियान हो चाहे निर्माण कार्य सभी में नगरवासियो को परेशानियां हो रही हैं जहां एक ओर शासन के विकास के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बाद बारिश में हालात बद् से बदतर हो गए हैं। हम बात कर रहे नगर की सबसे व्यस्तम खकरिया मार्ग की की यह मार्ग पिछले चार वर्षो से बारिश में बद् से बेहतर रहता है इस मार्ग पर इस समय कीचड़ ही कीचड़ है । और कीचड़ से होकर महाविद्यालय, स्कूलो की छात्र छात्राएं आंगनवाड़ी में पढ़ने वाली छोटी-छोटी बच्चै जा रहे हैं उसके बावजूद शासन प्रशासन में बैठे हनुमान जी इस और किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि 14 जुलाई को इसी मार्ग मैं स्थित कृषि उपज मंडी के प्रांगण मै मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 11 सौ विवाह होने का लक्ष्य रखा गया है। इतना ही नहीं मंत्री जिला कलेक्टर समस्त विभागों के अधिकारी इसी मार्ग से होकर निकलते हैं उसके बावजूद सड़क की दुर्दशा में कोई सुधार नहीं हुआ है।

### लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क खराब

नगर के मुख्य और बड़े वार्डो में 9 नबर वार्ड शामिल है लेकिन इस वार्ड में विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ नगर की सड़के जर्जर हालत में है जो बारिश में लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है मुख्य रोड़ से जनपद पंचायत तक लगभग डेढ़ किलोमीटर की सड़क आज भी छतिग्रस्त हालत में है जहां सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे जान के दुश्मन बने हुए हैं और पूरी सड़क कीचड़ से सनी हुई है बीते चार सालों से इस सड़क का यही हाल है लेकिन पहले कम सड़क खराब थी लेकिन बीते दौ साल से नगर परिषद द्वारा बनाए गए नाले निर्माण के दौरान यह मार्ग दलदल में तब्दील हो गया है जहां आए दिन लोग

### पिछले वर्ष भी कन्या विवाह में कई वाहन से गिरकर हुए थे घायल

पिछले वर्ष भी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत यहां हुए विवाह मैं शामिल होने वर पक्ष कन्या पक्ष के लोग पहुंचे थे जिन्हें इस रास्ते में कीचड़ एवं दलदल से होकर निकलना पड़ा था कई लोगों के कपड़े तो कई लोग दो पहिया वाहनों से गिरे थे उसके बात भी इस मार्ग की दुर्दशा में कोई सुधार नहीं किया गया। इस मार्ग में रहने वाले वार्डवासीयो ने शासन प्रशासन पर अपना आक्रोश जहर करते हुए कहा कि कई बार आवेदन देने के बाद भी कोई सुनाई नहीं हुई इस मार्ग पर काफी गड्ढे हैं। प्रधानमंत्री मार्ग होने के बावजूद इसमें आज तक सुधार नहीं किया गया है यहां से निकलने वाले लोगों को परेशानियो का सामना करना पड़ा रहा है। वहीं यहां पर रहने वाले लोगों के घरों में यह कीचड़ पहुंच रहा है जहां सड़क के आजू-बाजू रहने वाले लोग कीचड़ से परेशान हैं क्योंकि यहां से प्रतिदिन बड़े बड़े वाहन निकलते समय वाहन का टायर गढ्ढे में पड़ने से कीचड़ उटकर घरों और लोगों के कपड़ों पर पड़ रहा है जहां लोग परेशान हैं।

### इनका कहना है

एसडीम अविनाश रावत का कहना है कि 14 जुलाई के पहले यानि मुख्यमंत्री कन्या विवाह के पहले मार्ग को दुरुस्त करा दिया जाएगा इस संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं जिससे बच्चों को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

### जिले में 157.5 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 157.5 मि.मी. अर्थात 6.2 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 16 मि.मी. अर्थात 0.6 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 173.5 मि.मी. अर्थात 6.8 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पथरिया में 297 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 137 मि.मी., हटा 117.6 मि.मी., जबेरा में 77 मि.मी. पथरिया 297 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 33 मि.मी, बटियागढ़ 188 मि.मी. तथा पटेरा में 253 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 10.2 मि.मी. अर्थात 0.4 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 22 मि.मी., हटा में 19 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 3.4 मि.मी. तथा पटेरा में 27 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

## ग्राम बिलथरा में हुआ वृक्षारोपण



**दमोह।** जिले में चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत गुरुवार को जनपद पंचायत दमोह की ग्राम पंचायत नोनपानी के ग्राम बिलथरा में दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्य आयोजन किया गया ।जिसमें नीम ,इमली, करंजी आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए साथ ही इमली नीम के उपचारित सीड बाल पहाड़ों के आसपास गुलेल के उपयोग से फेके गए। वृक्षारोपण अभियान के तहत जिला पंचायत परियोजना अधिकारी मनरेगा श्रीमती अभिलाषा शुक्ला ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह श्रीमती पूनम दुबे के द्वारा पौधारोपण किया गया वहीं गुलेल के उपयोग से उपचारित सीड बाल के बीज पहाड़ों के आसपास गुलेल के उपयोग से पहुंच गए । इस दौरान जनपद सदस्य श्रीमती ममता ठाकुर , पप्पू ठाकुर, सरपंच श्रीमती सरोज चौबे, सचिव नेपाल सिंह , उपयंत्री अमित कुमार, सहायक यंत्री महेंद्र सिंह , सचिव नेपाल सिंह, सहायक सचिव राजेश चौबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## तीनों नये कानूनों को लेकर कार्यक्रम आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है पूरे भारत में तीन न्याय संहिता नई लागू हो चुकी है, जो एक बड़ा ऐतिहासिक परिवर्तन है, इन तीनों नए कानून के लागू होने के कारण पुराने कानून में और नए कानून में क्या-क्या अंतर है और अब इसके क्या-क्या प्रभाव होंगे, इसको जानना बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश की भी गरिमामय उपस्थित रहेगी। इसी सिलसिले में दमोह में आज 05 जुलाई को शाम 05 बजे स्थानीय मानस भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें आम जनता को यह जानकारी दी जाएगी। यह तीनों नए कानून आए हैं, इसमें पिछले कानून के मुकाबले क्या-क्या परिवर्तन हुए हैं और अब उनका प्रभाव कैसा होगा और सभी को इन पर किस तरह से काम करना है, इस विषय पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने आम नागरिकों, गणमान्य नागरिकों, सभी सामाजिक संगठनों, अधिवक्ता गणों से आग्रह करते हुए कहा आज शाम 05 बजे मानस भवन में अवश्य पधारें और इस कार्यक्रम के माध्यम से तीनों नई न्याय संहिताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

एसडीएम की अध्यक्षता में परामर्शदात्री की जबेरा जनपद में बैठक सम्पन्न

## कर्मचारियों को रुकने शासन आवास उपलब्ध कराएं



**जबेरा ।** विगत दिवस अधिकारियों कर्मचारियों की मांग पर जिला कलेक्टर के निर्देश पर जबेरा तहसील एवम ब्लॉक के अधिकारियों एवम कर्मचारियों की समस्यायों एवम मांगो के संदर्भ मे एक परामर्शदात्री की बैठक जबेरा जनपद सभाकक्ष में जबेरा एस डी एम अविनाश रावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें तहसीलदार विवेक व्यास एवम जनपद सी ई ओ आर पी पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवम अधिकारी कर्मचारी संघो के पदाधिकारी उपस्थित हुए जिसमे विभिन्न संघो ने अपनी अपनी समस्याएं एवम मांगो को रखा जिसमे मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष राजेश जैन ने समस्त शासकीय विभागों के कर्मचारियों एवम अधिकारियों की तरफ से बात रखते हुए कहा कि शासन प्रत्येक अधिकारी एवम कर्मचारी से गुणवत्तापूर्ण एवम समय पर कार्य चाहता है इसे प्रत्येक अधिकारी एवम कर्मचारी को शासन की मंशा अनुरूप करना चाहिए ताकि जनहित हो सके किंतु अधिकारी कर्मचारी भी शासन के अच्छे कार्यो को सम्पन्न कराने में अपना भरपूर योगदान देते है पर शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं एवम मांगो पर शासन द्वारा ध्यान न देने के कारण वह अपनी योग्यता एवम क्षमता के अनुरूप अनुकूल परिस्थियों के न मिलने के कारण सर्वश्रेष्ठ कार्य नही कर पाता है जिसमे सर्वप्रथम कारण अधिकारी कर्मचारियों के लिए शासकीय आवास उपलब्ध न कराया जाना है जिससे उन्हें मजबूरन अप डाउन या विषम परिस्थितयो में निवास करना पड़ता है जिससे वह न तो समय पर अपने कार्यालय पहुच पाता है और न ही वह प्रतिकूल परिस्थितयो के कारण अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर पाता है इसलिए जबेरा तहसील के अधिकारी कर्मचारियों के लिए शासकीय आवास उपलब्ध कराए जाने चाहिए जबेरा तहसील में कई शासकीय इमारते खाली पड़ी है वह क्षतिग्रस्त हो रही है उन्हें जरूरतमंद शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को उपलब्ध कराकर उन्हें क्षतिग्रस्त होने एवम अवैध कब्जों से सुरक्षित किया जा सकता है। जिस बात का समस्त अधिकारी कर्मचारी संघो ने समर्थन किया वही अन्य संघो ने काम की अधिकता, समयमान वेतन, क्रमोन्नति, पेंशन प्रकरण , समय पर वेतन भत्ते न मिलने , चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि आदि न मिलने जैसी कई समस्याओं को उठाया जिस पर एस डी एम ने शीघ्र निराकरण की दिशा में कार्य करने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया वही जिला स्तर एवम शासन स्तर की समस्याओं को वहां भेजने की बात कही। बैठक में बी एम ओ डी के राय, कृषि विभाग से उपसंचालक गहरवाल, सब इंजीनियर आर के जैन सहित बड़ी संख्या में जबेरा तहसील एवम ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पटवारी की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह....




**हिण्डोरिया।** राजस्व निरीक्षक मण्डल तहसील कार्यालय पटेरा में पदस्थ रहे पटवारी अकरम खान के सेवानिवृत होने पर उनके स्टाफ, ईस्ट मित्रों एवं उनके शुभचिन्तको द्वारा उन्हें समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर तहसीलदार राजेश कुमार सोनी , कंछेदी पटेल ,सलीम खान, अल्ताफ बाबू, कीरत सिंह ,अभिषेक ताम्रकार इत्यादि वक्ताओं ने सेवा निवृत्त अकरम खान पटवारी के यशस्वी कार्यकाल के बारे में अपने विचार रखें । एवं उनके दीर्घायु उज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना की। विदाई समारोह में पुरुषोत्तम मेहदेले, गोविंद गुप्ता, रामेश्वर पटेल ,अफजल बाबू ,फरीद खान ,सिराज खान, शगुफ्ता बानो ,मेहनाज खान, तैय्युब अली , अब्दुल वाहिद खान, शेख सखावत, डॉ.आफताब खान, असद खान सहित बड़ी संख्या में सह-पटवारी स्टाफ, ईष्ठ मित्र एवं परिजन मौजूद रहे।

## सर्टिफाइड ब्लैक बेल्ट होल्डर बने अनूप और चंद्रप्रताप



**तेंदूखेड़ा।** इंटरनेशनल कराते फ्रेडरेशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित ब्लैक बेल्ट परीक्षा में दमोह जिले के दो कराते प्रशिक्षकों ने भाग लेकर सफलता प्राप्त की यह परीक्षा सेंसाई संतोष पटैल (ब्लैक बेल्ट पाँचवीं डिग्री) मुख्य प्रशिक्षक परीक्षक इंटरनेशनल कराते फेडरेशन मध्य प्रदेश के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित की गई । इस ब्लैक बेल्ट परीक्षा में प्रशिक्षकों की फिजिकल व प्रैक्टिकल परफॉर्मेंस के आधार परीक्षा ली गई । उक्त ब्लैक बेल्ट परीक्षा में दमोह जिले के कराते प्रशिक्षकों में अनूप सिंह ठाकुर-अधिकृत कराते प्रशिक्षक तेंदूखेडा ने ब्लैक बेल्ट द्वितीय डिग्री की परीक्षा पास की साथ ही चंद्र प्रताप सिंह ठाकुर झलौन ने ब्लैक ब्लैक प्रथम डिग्री की परीक्षा पास की इन दोनों कराते प्रशिक्षकों को परीक्षा संपन्न होने के पश्चात सेंसाई संतोष पटेल के द्वारा इंटरनेशनल कराते फ्रेडरेशन इंडिया व कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन के ब्लैक बेल्ट सर्टिफ़िकेट प्रदान किये गये व सभी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रक्तदान समिति ने किया पौधारोपण



**दमोह।** महामाया रक्तदान एवं जन कल्याण समिति के द्वारा आज गुरुवार 4 जुलाई को जिला चिकित्सालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि पिछली गर्मी को देखते हुए एवं तापमान को देखते हुए अध्यक्ष अखिलेश रजक द्वारा संदेश दिया गया पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे जरूरी हैं, ये हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन के लिए फल और गर्मी में छांव देते है। घरा को हरा भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधा रोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। महामाया रक्तदान एवं जन कल्याण समिति में सिविल सर्जन डॉ राजेश नामदेव, आरएमओ डॉ विषाल शुक्ला, अध्यक्ष अखिलेश रजक, शीतेष जैन, राजीव गोस्वामी, सिकंदर खरारे, आषीष पंडित, नदीम सौदागर, सोहिल सौदागर, निर्मल सेन, राजेश विनोदे, प्रदीप राजपूत, मनीष सागर की उपस्थिति रही।

## सिग्रामपुर सेंचुरी बीट दानिताल में प्रजातियों के पौधा, लगाए गए



**सिंग्रामपुर।** ग्लोबल वॉर्मिंग से बचने के लिए पीएम ने शुरू किया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व सिंगौरगढ़ वन परिक्षेत्र की बीट दानीताल मैं पौधारोपण किया गया। जिसमें सिंग्रामपुर सेंचुरी रेंजर एजाज कुरैशी ने बताया एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज बांस चिरोला अनेक प्रजातियों के पौधा का रोपण किया गया। स्टाफ के सभी कर्मचारियों ने एक-एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत रोपण किया जिसमें गेम सुपरवाइजर लाइक शहजादा गेम गार्ड राहुल गुलाटी पुरुषोत्तम सिंह रीना जाटव विवेक रावत विजय जैन की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। सेंचुरी रेंजर एजाज कुरैशी ने अपील की है सभी लोग उपयुक्त जगह पर अपनी सुविधा अनुसार हर व्यक्ति पौधारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाए।

## देशी बीजों का किया वितरण



**हिण्डोरिया।** गाँव- समुदाय के घर- निवास के पास प्रतिदिन बेकार प्रवाहित होने वाले निस्तारू पानी के उचित प्रबंधन को लेकर जन संगठन एकता परिषद एवं नव रचना समाज सेवी संस्थान मोहला- जबलपुर व्दारा लोगों को किचन गार्डन बनाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम मे बुधवार को पंचायत छापती ठाकुर गाँव रौंडा -पिपरिया में एन.आर.एस.एस.संस्थान सचिव संतोष सिंह के सहयोग से सरपंच प्रभारानी आदिवासी एवं एकता परिषद के पूर्व म. प्र.राज्य समन्वयक सुजात खान के विशेष आतिथ्य मे गाँव की रेवती बाई ठाकुर, भागवती पटेल, चन्दा बाई सेन, सावित्री ठाकुर, बड़ी बहु पटेल, राजकुमारी पटेल, राधारानी अठया, उर्मिला ठाकुर,संतोषरानी पटेल सहित अनेक महिलाओं को बैगन, पालक, लाल-भाजी, टमाटर, लौकी, धनिया, मछली, भिण्डी इत्यादि 08 किस्म के देशी बीज सब्जी- भाजी के बीजों का वितरण किया गया।

## किसान संघ की बैठक आयोजित

**दमोह।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत तहसील पथरिया जिला दमोह में मासिक बैठक का आयोजन प्रहलाद पटेल तहसील अध्यक्ष पथरिया की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने मंडल स्तर पर और ग्राम समिति अध्यक्षों को बैठक करने के लिए कहा गया ताकि किसानों की समस्याएं एवं समाधान हर बैठकों में किया जा सके। तहसील मंत्री मुकेश पटेल ने डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराने की बात रखी गई। तहसील पथरिया से आए हुए कि किसानो ने कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाएं सुधारने हेतु कहा गया, सब्जी मंडी जो प्रस्तावित चली आ रही है उसको खुलवाने के लिए बात रखी गई। जल संसाधन विभाग एवं जल निगम में किया जा रहे कार्यों की गति प्रदान की जाए इसकी मांग किसानों ने की।बैठक में भारी मात्रा में किसानो की उपस्थिति रही। बैठक में गजेंद्र पटेल मीडिया प्रभारी, राजेश पटेल पूर्व अध्यक्ष, भूपेंद्र पटेल पूर्व नगर अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## एकलव्य विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ का शुभारंभ

**दमोह।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु आज से तीन दिवसीय अभिप्रेरण (दीक्षारंभ) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन की संकल्पना विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के निर्देशन में कुलगुरू प्रोफेसर पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया, कुलपति डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, अधिष्ठाता अकादमी अर्चना पाठक, डायरेक्टर आइक्यूएसी डॉ. पर्ली जैकब, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. शैलेन्द्र जैन, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रकाश खम्परिया के साथ ही सभी संकायों के संकाय प्रमुख, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। कुलगुरू ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें प्रत्येक विषयों का व्यावहारिक ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए निष्ठा के साथ ही सही दिशा में मेहनत की जरूरत होती है।कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए तनाव मुक्त रहकर अध्ययन करने पर जोर दिया साथ ही विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों से परिचय कराया गया। अधिष्ठाता अकादमिक डॉ.अर्चना पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी में कौन-कौन से गुण होने चाहिए।साथ ही उन्होंने अध्ययन-अध्यापन की नई तकनीकों से अवगत कराया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन में शिक्षा के साथ खेल एवम अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही डॉ. जैन ने छात्र परिषद, छात्रवृत्ति एवं एंटी रैगिंग के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को अवगत किया। अहमद नसीरुद्दीन ने छात्रवृत्ति के नियमों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने किया। इस प्रथम दिवस के अवसर पर लगभग 200 से अधिक नव प्रवेशित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## जरा संभलकर चलें :दमोह-जबलपुर सड़क खतरों से खाली नहीं, बारिश में गड्ढों में पानी भरने से रात्रि में होते हैं हादसे

# जबेरा से सिग्रामपुर तक 8 किमी सड़क में एक हजार गड्ढे

### पिछले वर्ष मिला था राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा लेकिन हाईवे की हालत गांव की सड़कों जैसी

- स्थानीय निवासी बोले इस सड़क का इस्तेमाल मंत्री प्रशासनिक अधिकारी करते थे, लेकिन इसकी कभी मरम्मत नहीं की गई
- दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राज मार्ग का दर्जा प्राप्त है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

मध्य प्रदेश सरकार ने बार-बार दावा किया है कि राज्य में सड़कें अच्छी स्थिति में हैं। इस दावे के उलट, जो वीडियो फ़ोटो सामने आये है जिसमें दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के दमोह जिले में जबेरा से सिंग्रामपुर तक 8 किमी की दूरी में करीब एक हजार गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय निवासी जनपद सदस्य दीपक यादव ने बताया, चूंकि यह दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे है, इसलिए इस पर नियमित रूप से भारी ट्रक चलते रहते हैं, जिससे स्थिति और खराब हो जाती है।

चौंकाने वाली बात यह है कि स्टेट हाईवे पर भारी भरकम गड्ढे मानसून के मौसम में सड़क पर स्विमिंग पूल जैसे दिखते हैं सड़क की दुर्दशा का हाल बयां करने और विरोध जताने सिंग्रामपुर ग्राम पास स्टेट हाइवे बना इतना बड़ा गड्ढा की लोग स्वीमिंग पूल,जैसे नहाने लगे और बताने लगे स्टेट हाईवे का सफर जंगल से होकर यात्रा करने जैसा अनुभव होता है। भले ही दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे को बीते वर्ष राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्राप्त हो चुका है लेकिन सड़क की दुर्दशा सुधारने की ओर किसी ने ध्यान नही दिया। मानसून के इस सीजन में सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। सिंग्रामपुर से दानिताल मार्ग के बीच करीब 8 किमी की सड़क का जब हमारी टीम ने जायजा लिया तो हजारों गड्ढे मिले। जो किसी छोटेस्वीमिंग पूल की तरह दिखाई दे रहे है जिसकी बजह आवागमन तो बाधित होता ही है लेकिन आये दिन हादसे भी होते चले जा रहे है दयनीय स्थिति यह है कि सड़क पर सिंग्रामपुर से दानीताल बीच कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बावजूद इसके स्टेट हाईवे की मानसून शुरु होने से पहले मरम्मत नहीं कराई गई सिंग्रामपुर से दानीताल की दूरी करीब 8 किमी है,जिसको तय करने मिनिटों की जगह में घंटो का समय लग रहा और वाहनों की टूटफुट के साथ साथ लोगों की हड्डियों भी टूट रही क्योंकि गड्ढों में तब्दील इस सड़क सफर खतरे से खाली नही है गड्ढों में गिरकर वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होकर घायल हो रहे हैं। क्षतिग्रस्त रोड के कारण वाहन चालक अक्सर यहां असंतुलित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। लेकिन पथ निर्माण कंपनी ने गड्ढे भरने के लिए कार्ययोजना तैयार नहीं की है। सिर्फ एमपीआरडीसी अधिकारियों से बात करो तो उनका कहना होता दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग में चला गया है अब जो भी कार्य होंगे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान होंगे। ऐसे में सवाल होता है कब राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण होगा और कब लोगों को जानलेवा गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।

बता दें दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिनमें हजारों लोग सफर करते हैं। लेकिन रोड पर बने बडे बडे गड्ढे वाहनों चालको की जान माल से खिलवाड़ कर रहे है स्थानीय लोगों का कहना है कि अनजान वाहन चालक कई बार गहरे गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो जाते हैं, जिसमें बाइक सवार सबसे अधिक दुर्घटनाओं का शिकार होते है।क्योंकि सड़क की हालात बेहद खराब हो चली है । दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के सतघटिया सिंग्रामपुर निवासी सुनील रवि विशाल निखिल ने बताया कि कई महीनो से सड़क का मेंटनेंस नहीं हुआ है। बार-बार गाड़ी में टूट फूट होती है, कई बार हादसे का शिकार होते होते बचे हैं। जानकर लोग तो फिर भी जानलेवा गड्ढों को देखकर मुश्किल सफर तय कर लेते हैं लेकिन अनजान लोगों को यह गड्ढे दिखाई नहीं देते है और जानलेवा सावित होते है डर बात यह है कि जंगल से लगी पूरी सड़क खराब है, इसके बाद भी जर्जर सड़क का सुधार नहीं किया जा रहा है। ज

सिंग्रामपुर मे पोड़ी तिराहे पर सड़क पर इतना बड़ा गड्ढा हो गया हैं कि स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस यातायात की बैरिकेट्स लाकर बड़े गड्ढे के पास रखा है ताकि कोई बड़ा हादसा घटित न हो सके अनेक बार इस गड्ढे में टू व्हीलर वाहन चालक के गिर चुके हैं और गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं




**ग्रामीण बैरिकेट लगाकर रोक रहे है हादसे –** सिंग्रामपुर निवासी जनपद सदस्य दीपक यादव ने बताया उप स्वास्थ्य केंद्र सिंग्रामपुर के सामने लगभग 2 साल से गड्ढा खुला पड़ा है। आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं एक दिन पहले ही बाइक चालक की बाइक गड्ढे में गिरने से चोटिल हो गई थी । गड्ढे के खतरे से बचाव चौकी से लाकर बैरिकेट्स गड्ढे सामने रखा गया है ताकि वाहन चालकों को दुर्घटना से बचा सके।





### पत्र लिख चुके हैं

एमपी आरडीसी रेजिडेंट इंजीनियर कमलेश अहिरवार का कहना है दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे दिसंबर 2023 में नेशनल हाईवे में चला गया था और दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे का काम सिंग्रामपुर में महामहिम राष्ट्रपति के आगमन के टाइम अलग-अलग एजेंसियों के द्वारा किया गया था। संबंधित एजेंसी के लिए मेंटेनेंस कार्य के लिए अनेकों बार पत्र लिख चुका हूं। कुछ एजेंसी ने थोड़ी बहुत कार्य करवाया भी था अब एमपी आरडीसी के पास दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे कि मेंटेनेंस कार्य के लिए कोई राशि नहीं है। जिसकी जानकारी पीएस लेवल तक है। अब जो भी कार्य किया जाएगा। नेशनल हाईवे की निर्माण एजेंसी के द्वारा किया जाएगा एमपी आरडीसी दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे मेंटेनेंस कार्य के लिए सक्षम नहीं है।

## फिटनेस में कमी तो स्कूल प्रबंधन और बस संचालक दोनों पर होगी कार्रवाही-कलेक्टर

**दमोह** । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभी स्कूल शुरू हो चुके हैं। निजी विद्यालयों, निजी कॉलेजों के अलावा सीएम राइज स्कूलों में जहां-जहां पर स्कूल बसें उपलब्ध है, वहां-वहां बड़ी संख्या में स्कूल बसें या कॉलेज बसें चलती है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया गत दिवस निजी विद्यालयों की बैठक ली गई थी, जिसमें संबंधित संस्थाओं को डिटेल में बताया गया है कि स्कूल की बसों का संचालन किस प्रकार से किया जाये और उसके लिए फिटनेस के क्या-क्या मापदंड है, सभी को यह भी बताया गया कि निर्धारित मापदंडों की पूरी तैयारी कर ली जाए, क्योंकि परिवहन विभाग के द्वारा स्कूल बसों और सामान्य बसों की रेगुलर चेकिंग की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यदि किसी बस की फिटनेस में या मापदण्डों की पूर्ति में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो, उन बस संचालकों और यदि स्कूल बस में कमी पाई जाती है तो स्कूल प्रबंधन और बस संचालक दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है निजी विद्यालयों, निजी महाविद्यालयों और जहां-जहां भी स्कूल बसों, कॉलेज बसों का संचालन होता है या फिर सामान्य बसों का भी संचालन होता है, सभी ऑपरेटर से, सभी स्कूल और कॉलेज प्रबंधकों से आग्रह है सरकार के निर्देश है, वह संबंधित संस्थाओं तक पहुंचा दिये है।

## नया कानून सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करेगा -जिला न्यायाधीश

**दमोह**। महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 21 जून से 4 अक्टूबर थीम वाइज एवं साप्ताहिक योजना बनाकर महिलाओं को अलग अलग विषयों में जागरूक किया जा रहा है, इसी कड़ी में द्वितीय सप्ताह में थीम अनुसार महिलाओं/बालिकाओं एवं जन-साधारण के लिए नए भारतीय न्याय सहिता कानून-2023 के बारे में जागरूकता के उद्देश्य से सेडमेप संस्था के प्रशिक्षण स्थल पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट की उपस्थिति 50 से अधिक प्रशिक्षुओं को नए कानून के बारे में विशेषतः महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े कानून के बारे में एवं महिला एवं बच्चों के पीड़ति प्रतिकर के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्री भट्ट ने कहा महिलाओं एवं बच्चों के लिए नए कानून में विशेष है, महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है, झूंठे वादों पर यौन संबंध बनाने पर सख्त सजा का प्रावधान किया गया है I सामूहिक बलात्कार की सजा में मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है । जिला विधिक सेवा अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बच्चों के विरुद्ध लैंगिक हिंसा अधिनियम-2012 पर विस्तार से चर्चा की । सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ह द्वारा प्रतिभागियों से प्राप्त अनेक प्रश्नों के जबाब सरलता एवं सहजता से दिए गये। इसी क्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की एक किशोरी बालिका द्वारा अपने परिचय में बताया गया उसके द्वारा एक बाल विवाह रुकवाया था उसका प्रश्न था की ग्रामों से बाहर आने-जाने लड़कियों के साथ छेड़-छाड़,भद्दे कमेंट्स,असुरक्षित स्पर्श,आदि अनेक घटनाएं होती हैं, तो उसके लिए कैसे कहाँ शिकायत करें ओर ज्यादा से ज्यादा बालिकाएं इसके खिलाफ आवाज उठायें, इसके लिए इनके अन्दर जागरूकता एवं हिम्मत लाई जाए? इस पर जिला न्यायाधीश एवं सहायक संचालक महिला बाल विकास द्वारा बहुत ही सरलता एवं सहजता से समाधान किया एवं पॉक्सो कानून कितने सरलता से अपना काम करता है, यह बताया गया I जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम द्वारा समस्त प्रतिभागियों से अपील की गई की आज के संवाद की समस्त जानकारियों यहाँ से जाने के बाद कम से कम 100-100 महिलाओं/पुरुषों को जरुर दें. कार्यक्रम का संचालन एवं होस्टिंग सेडमेप समन्वयक पी एन तिवारी द्वारा किया गया ।




## बारिश में विद्युत सप्लाई ठप्प

**जबेरा**। मानसून की इनटरी होते ही हल्की बारिश और हवा चलने से बिजली गुल होना अब स्थाई समस्या बन गई है। हर साल विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बारिश से पहले मेंटेनेंस किया जाता है। ताकि बारिश में विद्युत सप्लाई व्यवस्था में दिक्कत न हो। लेकिन मेंटेनेंस पहली ही बारिश और हल्की हवा.आंधी में उड़ गया। बिजली कंपनी के अधिकारी बारिश से पहले सभी व्यवस्थाओं में सुधार की बात करते है लेकिन बारिश के प्रारंभ में ही बिजली गुल होने की समस्या गहराती जा रही है। गुरुवार के दिन शाम के समय जैसे ही बारिश शुरू हुई। इसके बाद से ही ग्राम में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। इस बारिश और हवा के बाद जबेरा ग्राम के लगभग सभी क्षेत्रों में बार.बार बिजली गुल हो रही है। और विद्युत आपूर्ति बहाल करने में विद्युत वितरण कंपनी को मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के समाधि मरण पर जैन समाज ने अर्पित की विनयांजलि

# गणाचार्य श्री विराग सागर जी की समाधि से शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुन्देलखण्ड के प्रथम आचार्य परमपूज्य श्री विराग सागर जी महामुनिराज अब इस नश्वर संसार में नहीं रहे। गुरुवार सुबह जिसने भी गुरुवर की जालना महाराष्ट्र के पास में समाधि हो जाने की खबर सुनी वह भरोसा नहीं कर सका तथा तत्काल ही अपने परिचितों से इस बात की जानकारी लेने में जुट गया। दमोह जिले के पथरिया में जन्मे विरागोदय तीर्थ के प्रणेता बुंदेलखंड के प्रथम आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज की अचानक समाधि हो जाना सकल जैन समाज के साथ अहिंसा प्रेमियों के लिए साढ़े तीन माह में दूसरी सबसे बड़ी दुखद घटना है। श्री विराग सागर महाराज की विहार के दौरान समाधि हो जाने के घटना क्रम ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। कल ही इस बात की जानकारी लगी थी कि महाराष्ट्र में जालना के पास विहार के दौरान पूज्यगणाचार्य की तबीयत खराब हुई है उनको उल्टियां हो रही है। इसके साथ उनके स्वास्थ्य में सुधार की खबर भी सामने आई थी लेकिन किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था सुबह जब सोकर उठेंगे तो उनकी समाधि हो चुकी होगी। 18 फरवरी 2024 की सुबह जिस तरह अचानक पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि हो जाने की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। इसी तरह 4 जुलाई 2024 की सुबह गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज की समाधि की खबर ने सभी को हतप्रद करके रख दिया है। क्योंकि श्री विराग सागर जी वर्षा योग के लिए विहार में चल रहे थे। दो दिन पहले तक पूरी तरह से स्वस्थ थे और उनको चातुर्मास करने के लिए औरंगाबाद पहुंचना था जहां उनकी मुनि दीक्षा हुई थी। लेकिन इसके पहले ही उनकी समाधि हो गई। जो पूरी जैन समाज के साथ उनके भक्तों तथा पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है।



### धर्म की रक्षा के लिए, रत्नत्रय की रक्षा के लिए संल्लेखना ली जाती : आचार्य श्री समय सागर जी

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में परम पूज्य गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के समाधिमरण पर एक विन्यांजलि सभा का आयोजन किया गया। विनयांजलि सभा में परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने विनयांजलि व्यक्त करते हुए कहा सर्वविदित है कि जिसका जन्म होता है उसका अनिवार्य रूप से मरण हुआ करता है और यह जन्म और मरण की परंपरा आज की नहीं है अनंत कालीन परंपरा चली आ रही है। बीज और वृक्ष की जो परंपरा है उसी प्रकार जन्म और मरण की परंपरा चल रही है। कर्म के अधीन होने के कारण बार-बार संसारी प्राणी जन्म लेता है वह मरण को प्राप्त करता है। किंतु उस मरण से और जन्म से ऊपर उठने के लिए आगमकारों ने बहुत बड़ा उपकार किया है जिनेंद्र भगवान की वाणी को सुरक्षित रखने का पुरुषार्थ किया है ।और सर्वप्रथम आगम की जो रचना होती है ग्रंथ की अपेक्षा से गणधर परमेष्ठी के द्वारा ही आगम की रचना होती है ।वह भी दिव्य ध्वनि का आलंबन लेकर आगम की रचना करते हैं। गणधर परमेष्ठी और वहां से यह प्रभु की वाणी जिनवाणी जिसे बोलते वहां से प्रवाहित होते हुए आज तक यहां पर आई है। उस आगम के अनुसार ही हम कुछ विचार यहां रख रहे हैं जो प्रासंगिक हैं कि संलेखना ली जाती है सल्लेखना दी नहीं जातीऔर उमा स्वामी महाराज ने ऐसा कहा है संलेखना जो ली जाती है उसके लिए बहुत सारे कारण है। एक तो उपसर्ग आ जाए अकाल पड़ जाए वृद्धावस्था आ जाए भयानक कोई रोग आ जाए तो उस समय धर्म की रक्षा के लिए ,रत्नात्रय की रक्षा के लिए अथवा व्रत की रक्षा के लिए यह संलेखना ली जाती है। जब तक शरीर में क्षमता रहती है शरीर साथ देता है जब तक रत्नात्रय की रक्षा अथवा धर्म की आराधना की जाती है। और यथायोग जो साधक होते हैं व्रती होते हैं अवृति हो सारे के सारे अपना जीवन व्यतीत करते हैं। ज्यो ही शरीर अपना काम करना बंद कर देता है उस समय शरीर के प्रति ममत्व का त्याग करके धर्म की रक्षा करने के लिए संलेखना को अंगीकार करता है साधक। इस प्रकार संक्षिप्त रूप से भी संलेखना होती प्रत्याख्यान जिसको बोलते वृहद रूप से भी हो सकता है। तत्काल शरीर के प्रति जो ममत्व भाव था उसको छोड़ करके प्रतिज्ञा कर लेता है। संघ के प्रति भी जो लगाव है संचालक आदि कर्तव्य के प्रति भाव आते रहते हैं उसका विचार कर लेता है। यह विधि संक्षेप मानी जाती है और रोग आदि के आने पर संक्षेप प्रत्याख्यान हीं होता है। यदि नहीं है वृद्धावस्था है तो धीरे-धीरे आहार का त्याग करते-करते समाधि संलेखना ली जाती है। संलेखना भी दो तरह की हुआ करती है। एक काय संल्लेखना और कषाय संल्लेखना। संल्लेखना का अर्थ क्रश करना होता है शरीर को धीरे-धीरे क्रश किया जाता है। उसके प्रति जो ममत्व भाव होता है उसका भी परिहार किया जाता है ।इसको कषाय संलेखना के अंतर्गत लेते हैं गुरुदेव ने एक बार कहा था एक बार क्या कई बार कहा स्वाध्याय के दौरान प्रसंग बनाया है वह यह है साधक जिस दिन से दीक्षित होता है या व्रत को अंगीकार करता है उसी दिन से वह कषाय को क्षीण करता चला जाता है तब कहीं जाकर उसकी कषाय संलेखना पूर्ण होती है।

### पटेरा में दी गई श्रद्धांजलि



**पटेरा**। पटेरा नगर में गणाचार्य श्री विराग सागर जी की समाधि की सूचना से समाज में शोक की लहर व्याप्त रही। शाम को पटेरा बड़े मंदिर स्थित विद्या प्रशांत भवन में सकल जैन समाज द्वारा गणाचार्य श्री विराग सागर जी को विनयांजलि दी गई तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया गया व आगे जारी रखने की बात कही। इस दौरान भक्तो ने उनकी चर्या, उनके विचार व जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला पुरूष सहित बालिका व युवाओं की भी उपस्थिति रही।

### पथरिया में दी विनयांजलि

**पथरिया**। नगर में जन्मे नगर गौरव बुंदेलखंड के प्रथम आचार्य श्री विराग सागर जी मुनि महाराज का जालना महाराष्ट्र में 4 जुलाई को सल्लेखन पूर्वक समाधि होने पर सकल जैन समाज ने हथकरघा भवन सभी समाज के लोगो ने विनयांजलि दी। इस अवसर पर निर्यापक श्रवण संत योग सागर मुनि महाराज ने कहा कि दुख निर्जरा का कारण होता है। जो जीव संसार में आया है उसकी मरण निश्चित है। यह मरण शरीर का होता है। मुनिश्री निरोग सागर ने कहा कि साधु का जीवन का एक लक्ष्य होता है वो सल्लेखन पूर्वक समाधि क्यों कि साधु वीरता पूर्वक मरण करते हैं। उन्होंने अपना जीवन दिंगबर के साथ जिया। इस अवसर पर राजेंद्र गुरु, लक्ष्मण सिंह रमेश गोयल जमना जैन, कमलेश चौधरी राहुल चौधरी आदि समाज के लोग उपस्थित थे।



## सीएम हेल्पलाईन शिकायत निवारण शिविरों का तहसील स्तर पर होगा आयोजन

**दमोह**। सी. एम. हेल्पलाईन 181 पर जिले के राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तहसील स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये है। शिविर 04, 05, 09, 10, 18, 19, 23, 24, 30 जुलाई एवं 31 जुलाई को आयोजित किये जायेंगे। तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के लिए संबंधित तहसील के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले के प्रत्येक तहसील कार्यालय में राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाईन जून-2024 तक की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु इन शिविरों में राजस्व और सामान्य प्रशासन विभाग की जून माह तक की समस्त लंबित शिकायतों से संबंधित शिकायतकर्ताओं को बुलाया जाए, इस हेतु शिविर आयोजन के 01 दिवस पूर्व सभी तहसील कार्यालय से सभी शिकायतकर्ताओं को सूचित किया जाए। शिविरों में तहसील कार्यालय के समस्त स्टाफ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप सुनिश्चित की जाये। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि निर्धारित शिविर में अधिक से अधिक सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण कराये जायें।

## नए कानून के तहत दो एफआईआर दर्ज

### पुलिस ने सम्मान के साथ शिकायतकर्ता को एफआईआर प्रदान की

**हटा**। विगत 1 जुलाई से कानून में बदलाव होने के बाद नए कानून की प्रक्रिया को संचालित करने में जहां अधिकारियों को कुछ अटपटा सा महसूस हुआ वहीं दूसरी ओर आमजन के लिए इस कानून के तहत होने वाली कार्यवाही को लेकर उत्सुकता देखने को मिल रही है। जहां बीते दिवस नगर की पुलिस थाने में नए कानून के तहत दो एफआईआर दर्ज कर थाना प्रभारी मनीष कुमार व पुलिस स्टाफ ने प्रार्थना पक्ष को सम्मान के साथ प्रदान की। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी हेमराज प्रजापति ग्राम रसोटा द्वारा प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराई गई कि वह अपने खेत में फसल बुवाई का काम कर रहा था जिस दौरान ग्राम के ही कोमल पटेल खुमान पटेल से वाद विवाद हो गया जहां दोनों ने एक राय होकर फरियादी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। इस तरह है नए कानून के तहत दर्ज की गई पहली रिपोर्ट के चलते पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर दोनों आरोपीगण के विरुद्ध 314/ 24 धारा 333, 296, 115 (2)118,(1) 351( 2) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र से 2 किलोमीटर दूर एक गांव में एक नाबालिक लड़की को पहले फुसलाकर अपहरण किए जाने की घटना घटित होने की पुलिस थाना में सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी मनीष कुमार द्वारा भारतीय न्याय संहिता के तहत आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 315/24 धारा 137 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर हटा पुलिस सक्रियता के साथ नाबालिक की तलाश में जुटी हुई है। वहीं शिकायतकर्ता को पुलिस अधिकारियों द्वारा बड़े ही समान के साथ एफआईआर की काफी प्रदान की गई।